कम दो वर्ष तक विदेश में रहने के बाद भारत में वापस आ रहा हो, बशर्ते कि उसने भारत लौटने से पहले कम से कम एक वर्ष तक शस्त्र अपने पास रखा हो, और

(ii) भारत सरकार के खेल विभाग की सिफारिशों पर, खेलों के प्रयोजन हेतु खिलाड़ियों को ।

लोक व्यवस्था बनाए रखने के बृहत्तर हितों को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत प्रयोग हेतु आग्नेयास्त्रों के आयात पर प्रतिबंध जारी है ।

(घ) और (ङ) लाईसेंस धारक द्वारा आग्नेयास्त्र को अधिकृत स्त्रोतों से प्रचलित बाजार भाव पर खरीदा जाना अपेक्षित है । केन्द्र सरकार ऐसी कोई योजना तैयार नहीं कर रही है जिससे लाईसेंस धारक को नए शस्त्र खरीदने में सहूलियत हासिल हो सके ।

कश्मीर में बिगड़ती हुई स्थिति

1162. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कश्मीर में डोडा क्षेत्र का नियंत्रण पूरी तरह उग्रवादियों के हाथ में चला गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि कश्मीर की स्थिति दिन-पर-दिन बदतर होती जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार स्थिति सुधारने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने पर विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) पाकिस्तान से सहायता तथा प्रोत्साहन प्राप्त आतंकवादियों द्वारा जम्मू और कश्मीर में बड़े पैमाने पर हिंसा बनाए रखने के प्रयास जारी हैं । ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा सीमा/नियंत्रण रेखा तथा भीतरी क्षेत्रों, दोनों में लगातार दबाव बनाए रखा जा रहा है । बेहतर परिणामों के लिए सूचना का आदान-प्रदान करने सहित राज्य में विभिन्न बलों की कार्रवाईयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए भी प्रयास किए गए हैं । परिणामस्वरूप शस्त्रों की बरामदगी और बहुत बड़ी तादाद में उग्रवादियों, जिनमें विभिन्न गुटों के अनेक उच्च रैंक के नेता भी शामिल हैं, को मारने और उन्हें पकड़ने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है । उग्रवादियों पर लगातार दबाव रखा जा रहा है ।

Ban on Lotteries

1163. SHRI RAMDAS AGARWAL :
SYED SIBTEY RAZI :
SHRI RAM GOPAL YADAV :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are aware of large scale malpracties/cheating rempant in the operations of "Daily and Single digit lotteries" in various States in the country as reported in the Hindustan Times dated 11th February, 1994; and

(b) whether Governemnt have so far taken any final decision to ban or issued instructions to State Governemnts to take strict and firm action to exercise proper control over lotteris and to impose bar quickly on such lottery so as to save the society of adverse effects ; if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED) : (a) Yes, Sir. Complaints about malpractices in the operations of Daily and Single digit lotteries are received from time to time.

(b) keeping in view the malpractices reported, the Central Government has, from to time issued guidelines to the States to curb these malpractices.